प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 11.06.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**
**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**आज के मुख्य समाचारः—**

1— मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के ग्यारह साल के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया—विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मोदी सरकार के ग्यारह साल'' के अभियान का आज छत्तीसगढ़ में हुआ शुभारंभ।

2— मुख्यमंत्री ने फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा का किया वर्चुअल शुभारंभ—छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता के पदभार ग्रहण समारोह में हुए शामिल।

3— सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक महिला सहित दो माओवादी मारे गए—इंसास रायफल के साथ बारह बोर की बंदूक बरामद।

4—प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज—चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

**<u>मुख्यमंत्री—प्रेस कॉन्फ्रेंस</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह साल के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ''विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मोदी सरकार के ग्यारह साल'' के अभियान का आज छत्तीसगढ़ में शुभारंभ किया। यह अभियान इक्कीस जून तक चलेगा। श्री साय ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है।

श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में जनजातीय समाज का मान—सम्मान बढ़ा है और जनजातीय समाज के विकास के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है, जिसका लाभ जनजातीय समाज को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर छत्तीसगढ़ सरकार काम कर रही है और प्रदेश में सुशासन पर अमल किया जा रहा है।

एक प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बारिश के दौरान भी माओवादियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

**<u>मुख्यमंत्री—बैंक शाखा शुभारंभ</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता के पदभार ग्रहण और अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साय ने जशपुर जिले के फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि फरसाबहार में अपेक्स बैंक की नई शाखा खुलने से अब किसानों को बैंकिंग सुविधा के लिए पत्थलगांव नहीं जाना पड़ेगा।

## प्रधानमंत्री–ग्यारह साल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के लिए भारत का प्रयास सतत् और दीर्घकालिक दृष्टि से प्रेरित है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की नींव रख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे में क्रांति के ग्यारह साल हो गए हैं। इस दौरान बेहतरीन बुनियादी ढांचे बनाए गए हैं। इससे भारत की विकास में गति आई है।

## केन्द्र सरकार–ग्यारह साल

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में आज, हम भारत के परिवहन बुनियादी ढांचे के परिवर्तन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए जानकारी दे रहे हैं।

**पिछले दशक में भारत ने समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण से अभूतपूर्व पैमाने पर बुनियादी ढांचों का विकास देखा है। राजमार्ग निर्माण का दैनिक औसत बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर चौंतीस किलोमीटर प्रतिदिन पर पहुंच चुका है, जो दो हजार चौदह की तुलना में लगभग तीन गुना है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत, आर्थिक गलियारे विकसित करने और रसद लागत को कम करने के लिए बीस हजार किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। वहीं, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष दो हजार चौदह से अब तक सात लाख अस्सी हजार किलोमीटर से अधिक की लम्बाई की सड़कों के निर्माण के द्वारा ग्रामीण संपर्क निन्यानवे प्रतिशत पहुंच गया है। ये सभी मील के पत्थर उत्पादकता को बढ़ावा देने के साथ–साथ संयोजकता में सुधार और वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत की नींव रख रहे हैं।**

## प्रधानमंत्री–सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों में पहलगाम के आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के विरोध में भारत के विचारों को जिस तरह से प्रस्तुत किया, उस पर उन्हें गर्व है। प्रधानमंत्री ने पिछले कुछ हफ्तों में विश्व के तैंतीस देशों की यात्रा करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से कल मुलाकात की, जिसमें सांसद और पूर्व राजनयिक शामिल थे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इन प्रतिनिधियों ने शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता और आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इक्कीस जून को होने वाले योग संगम की मेजबानी के लिए देशभर से पचास हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। इस वर्ष का विषय है **'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'**।

इस बीच, आज नई दिल्ली में आकाशवाणी के रंग भवन में "कार्यस्थल पर योग" कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र में विभिन्न कार्य–अनुकूल योग अभ्यासों पर परस्पर संवाद और लाइव प्रदर्शन शामिल थे। इस कार्यक्रम में आकाशवाणी की महानिदेशक डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड़ और अतिरिक्त महानिदेशक एल. मधु नाग ने भी भाग लिया।

## माओवादी मुठभेड़

सुकमा जिले के कुकानार थाना क्षेत्र में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक महिला सहित दो माओवादी मारे गए हैं। घटनास्थल से इंसास रायफल के साथ बारह बोर की भी बंदूक बरामद की गई है।
दरअसल बीते नौ जून को सुकमा जिले के डोंड्रा के पास आईईडी विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपूंजे के शहीद होने के बाद सुरक्षा बलों ने इस इलाके में माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन शुरू किया है।
उधर, नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक माओवादी सहयोगी को गिरफ्तार किया है।

## मौसम

## मौसम का हाल–

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की आशंका है। इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे, जिससे तापमान में मामूली गिरावट आएगी। मौसम विभाग ने दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए चौदह जून से अनुकूल परिस्थितियां बनने की संभावना व्यक्त की है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत इन दिनों छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थानों पर कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों से सीधा संवाद कर रही हैं। रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के उद्यानिकी विभाग के वैज्ञानिक डॉक्टर एम.के साहू ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि उनकी टीम ने आज रायपुर जिले के सेरीखेड़ी सहित दो गांवों में जाकर किसानों से चर्चा की।

## कबीर जयंती

आज कबीर जयंती है। इस मौके पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजधानी रायपुर सहित अन्य जगहों पर भी आज कबीर पंथ के लोगों ने रैलियां निकालीं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को कबीर जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि संत कबीर केवल एक महान आध्यात्मिक संत ही नहीं थे, बल्कि समाज सुधारक और युग–प्रवर्तक भी थे।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत संचालित 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में व्यापक अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य पंद्रह वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर नागरिकों को बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक ज्ञान और जीवनोपयोगी कौशल से सशक्त बनाना है, ताकि वे इस साल सितंबर महीने और अगले वर्ष मार्च में आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल हो सकें।

## जीएसटी चोरी–कारोबारी गिरफ्तार

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी की टीम ने करीब छब्बीस करोड़ रूपये की टैक्स चोरी के मामले में राजधानी रायपुर के एक कारोबारी के ठिकाने पर छापा मारा। छापे के दौरान टीम ने कारोबारी अमन अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि अमन अग्रवाल ने बोगस फर्म के जरिए वर्ष दो हजार तेईस से दो हजार पच्चीस तक एक सौ चवालीस करोड़ रुपए की फर्जी खरीद दिखाकर लगभग छब्बीस करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की है।

जानकारी के मुताबिक अमन अग्रवाल ने उन व्यक्तियों के नाम पर भी फर्म बनाई है, जिनकी मौत दो हजार दस में हो चुकी है। इसके बावजूद उन्होंने वर्ष दो हजार तेरह और पंद्रह में मृतक व्यक्तियों के नाम से फर्म खरीदा।

**<u>महिला मृत्यु–जांच समिति</u>**

रायपुर के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने बिरगांव के शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बीते नौ जून को तेईस वर्षीय महिला साक्षी निषाद की प्रसव पश्चात हुई मृत्यु के मामले में चार सदस्यीय जांच समिति गठित की है। यह समिति मामले की जांच कर तीन दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

**<u>बस्तर–गोंचा पर्व</u>**

देव स्नान चंदन जात्रा पूजा विधान के साथ ही बस्तर में आज से गोंचा पर्व की शुरूआत हो गई है। बस्तर गोंचा समिति के अध्यक्ष चिंतामणी पांडे ने बताया कि चंदन जात्रा के तहत जगदलपुर के जगन्नाथ मंदिर में देव विग्रहों को चंदन से स्नान कराया गया। उन्होंने बताया कि भगवान जगन्नाथ का अनसर काल कल बारह जून से प्रारंभ होकर पच्चीस जून तक जारी रहेगा, इस दौरान दर्शन वर्जित होगा। छब्बीस जून को नेत्रोत्सव पूजा विधान के साथ ही प्रभु जगन्नाथ के दर्शन के बाद सत्ताईस जून को श्रीगोंचा रथ यात्रा पूजा विधान होगा।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

**<u>समाचार संक्षेप में ...</u>**

– युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत अतिशेष प्राचार्य और व्याख्याताओं की काउंसिलिंग कल बारह जून को नवा रायपुर स्थित इन्द्रावती भवन में होगी।

– शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के दौरान बरती गई अनियमितताओं के चलते
सरगुजा संभाग के आयुक्त ने मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।
– वहीं, सूरजपुर जिले के रामानुजनगर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज को भी युक्तियुक्तकरण के दौरान गलत जानकारी देने के आरोप में निलंबित किया गया है।

– रिसाली नगर पालिक निगम की महापौर परिषद की सदस्य और कांग्रेस नेत्री डॉक्टर सीमा साहू ने आज भाजपा में प्रवेश कर लिया है।

– जांजगीर–चांपा जिले की अकलतरा पुलिस ने कोटमीसोनार गांव के तत्कालीन पंचायत सचिव इलाही मोहम्मद कुरैशी को पच्चीस लाख रुपये का गबन करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

– रायगढ़ जिले की जूटमिल पुलिस ने एक सौ पांच किलो गांजे के साथ तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब पैंतालीस लाख रूपये बताई गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>